भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-123

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत नए कार्यक्रम

†**123. श्री के. ई. प्रकाश:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की शिक्षक प्रशिक्षण और व्यावसायिक शिक्षण कार्य को उन्नत बनाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत कोई नया कार्यक्रम शुरू करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और
(ग) ऐसे कार्यक्रमों के प्रभावी निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क) से (ग): एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार, सरकार ने एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) को अधिसूचित किया है और इसे शैक्षणिक सत्र 2023-24 से चयनित प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में शुरू किया गया है।

इसके अलावा, एनईपी, 2020 के संदर्भ में सरकार ने शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनपीएसटी) संबंधी एक मार्गदर्शक दस्तावेज और राष्ट्रीय मार्गदर्शन मिशन (एनएमएम) पर ब्लूबुक जारी की है। एनपीएसटी विभिन्न चरणों/स्तरों पर शिक्षकों की दक्षताओं को परिभाषित करता है। एनएमएम पर ब्लूबुक में स्कूल शिक्षकों की क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन के विभिन्न तौर-तरीके शामिल हैं।

एनपीएसटी और एनएमएम के लिए कार्यान्वयन रणनीति में सभी हितधारकों की सहायता और क्षमता निर्माण, आवधकि प्रगति समीक्षा, सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं, ई-संसाधन विकसित करना और उन्हें एनसीटीई द्वारा विकसित दीक्षा पोर्टल और राष्ट्रीय शिक्षक गुणवत्ता केंद्र (एनसीटीक्यू), मोबाइल ऐप आदि के माध्यम से उपलब्ध कराना शामिल है।

समग्र शिक्षा के तहत राज्यों/संध राजय क्षेत्रों को देश के सभी 613 क्रियाशील जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट्स) के बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए चरणबद्ध तरीके से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, ताकि डाइट्स उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। पहले चरण के दौरान, 125 डाइट्स के उन्नयन के लिए 92,320.18 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) के लिए केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तहत निष्ठा- स्कूलों प्रमुखों और शिक्षकों के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय पहल नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अधिगम के परिणामों में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया है। निष्ठा को मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्याज्ञापन (एफएलएन) तथा प्रारंभिक बाल्यकाल देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) तक भी विस्तारित किया गया है।

****